# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.03.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण,अमर उजाला,हिंदुस्तान,ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण –दि0 29.03.2026

### कल्लीपुर में टाउनशिप के लिए मांगी जमीन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा शनिवार को कल्लीपुर गांव पहुंचे। यहां प्रस्तावित नई टाउनशिप का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ किसानों से जमीन मांगी। साथ ही किसानों को लैंड पुलिंग योजना के तहत भी शामिल होने को कहा।

किसानों की बात सुनने के बाद उपाध्यक्ष ने नई टाउनशिप से होने वाले फायदे के बारे में बताया। नई टाउनशिप विकसित होने के साथ क्षेत्र का विकास होगा। इस दौरान उन्होंने नई टाउनशिप क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे कराया जिससे जमीन की वास्तविक स्थिति, सीमांकन एवं विकास की संभावनाओं का सही आकलन किया जा सके। सर्वे में आधुनिक तकनीक का अधिकाधिक उपयोग कर योजनाओं को गति दी जाए। उनके साथ वीडीए अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, राजस्व कर्मी आदि मौजूद थे।

## अमर उजाला –दि0 29.03.2026

### ग्रामीणों की सहमति से होगी जमीन की खरीद

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने शनिवार को गांव कल्लीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और स्थानीय ग्रामीणों से भूमि क्रय / लैंड पुलिंग के संबंध में बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा भूमि खरीद की प्रक्रिया पूर्णतः ग्रामीणों की सहमति और पारदर्शिता के आधार पर ही संपन्न की जाएगी। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निश्चित एवं न्यायसंगत दर पर ही भूमि क्रय की जाएगी, जिससे सभी पक्षों को संतुलित लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान ड्रोन के माध्यम से सर्वेक्षण भी कराया गया, ताकि भूमि की वास्तविक स्थिति, सीमांकन और विकास की संभावनाओं का सटीक आकलन किया जा सके। ग्रामीणों ने इस अवसर पर अपने सुझाव और अपेक्षाएं प्राधिकरण के समक्ष रखीं। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## हिन्दुस्तान –दि0 29.03.2026

### वीडीए उपाध्यक्ष ने कल्लीपुर गांव का किया दौरा

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने शनिवार को कल्लीपुर गांव का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों एवं ग्रामीणों से भूमि क्रय और लैंड पूलिंग पर संवाद किया। कहा कि प्राधिकरण की ओर से भूमि क्रय की प्रक्रिया पूर्णत: ग्रामीणों की सहमति एवं पारदर्शिता के आधार पर ही संपन्न की जाएगी। अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, वीडीए के लेखपाल मनु उपाध्याय मौजूद थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स –दि0 29.03.2026

### कल्लीपुर ग्राम में भूमि क्रय/लैंड पुलिंग को लेकर उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने किया निरीक्षण

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा द्वारा विकास कार्यों के अंतर्गत कल्लीपुर ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं स्थानीय ग्रामीणों से भूमि क्रय/लैंड पुलिंग के संबंध में विस्तृत संवाद स्थापित किया।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष श्री बोरा ने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण द्वारा भूमि क्रय की प्रक्रिया पूर्णत: ग्रामीणों की सहमति एवं पारदर्शिता के आधार पर ही संपन्न की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निश्चित एवं न्यायसंगत दर पर ही भूमि क्रय किया जाएगा, जिससे सभी पक्षों को संतुलित लाभ प्राप्त हो सके इस अवसर पर लगभग डेढ़ एकड़ भूमि का ड्रोन के माध्यम से सर्वेक्षण भी कराया गया, ताकि भूमि की वास्तविक स्थिति, सीमांकन एवं विकास की संभावनाओं का सटीक आकलन किया जा सके। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण कार्य में आधुनिक तकनीक का अधिकाधिक उपयोग कर योजनाओं को गति दी जाए।निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं प्राधिकरण के समक्ष रखीं। उपाध्यक्ष श्री बोरा ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि जनसहभागिता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।इस मौके पर अपर सचिव श्री गुडाकेश शर्मा, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय लेखपाल एवं वीडीए के लेखपाल मनु जी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



: vcvdavns : Varanasi Development Authority, Janhit Service : janhit.upda.in, E-Tender : etender.up.nic.in
Online Building Plan Approval System : www.upobpas.in, Awas Bandhu, Govt of UP: www.awas.up.nic.in

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**न्यायाधीश –दि0 29.03.2026**

## कल्लीपुर ग्राम में भूमि क्रय/लैंड पुलिंग को लेकर उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा निरीक्षण



वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा द्वारा आज विकास कार्यों के अंतर्गत कल्लीपुर ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों एवं स्थानीय ग्रामीणों से भूमि क्रय/ लैंड पुलिंग के संबंध में विस्तृत संवाद स्थापित किया।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष श्री बोरा ने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण द्वारा भूमि क्रय की प्रक्रिया पूर्णतः ग्रामीणों की सहमति एवं पारदर्शिता के आधार पर ही संपनन्न की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निश्चित एवं न्यायसंगत दर पर ही भूमि क्रय किया जाएगा, जिससे सभी पक्षों को संतुलित लाभ प्राप्त हो सके।इस अवसर पर लगभग डेढ़ एकड़ भूमि का ड्रोन के माध्यम से सर्वेक्षण भी कराया गया, ताकि भूमि की वास्तविक स्थिति, सीमांकन एवं विकास की संभावनाओं का सटीक आकलन किया जा सके। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण कार्य में आधुनिक तकनीक का अधिकाधिक उपयोग कर योजनाओं को गति दी जाए।निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपने सुझाव एवं अपेक्षाएं प्राधिकरण के समक्ष रखीं। उपाध्यक्ष श्री बोरा ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि जनसहभागिता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।इस मौके पर अपर सचिव श्री गुडाकेश शर्मा, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय लेखपाल एवं वीडीए के लेखपाल मनु जी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।